# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेशकों को दिया प्रदेश में निवेश का न्योता

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोटोजीपी में आए निवेशकों को प्रदेश में निवेश का न्योता दिया। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से कहा कि उत्तर प्रदेश संभावनाओं का प्रदेश है। इसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर, रोड कनेक्टिविटी, मेट्रो सेक्टर, एयर कनेक्टिविटी, वाटरवेज, लाजिस्टिक के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। प्रदेश में निवेश कर इन संभावनाओं को लाभ लें। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर बिजनेस कान्क्लेव के दौरान सीएम ने यह बातें कही।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश न सिर्फ मोटोजीपी जैसे इवेंट के लिए एक बड़ा बाजार है, बल्कि




ग्रेटर नोएडा में मोटोजीपी रेस के दौरान घायल हुए राइडर लुका मारिनी के बारे में जानकारी करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सूचना विभाग

यहां भारत के सबसे अधिक युवा भी हैं। जो निवेशकों के लिए एक अवसर है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि निवेशकों द्वारा किए जाने वाले किसी भी निवेश पर प्रदेश सरकार हर प्रकार की सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की कुल आबादी का 56 प्रतिशत कामकाजी समूह का है। मोटोजीपी रेस के आयोजन से प्रदेश वैश्विक आटोमोबाइल उद्योग के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर काफी काम हुआ है। जिले में ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर का जंक्शन है। डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर, लाजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट हब के विकास पर तेजी से काम हो रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का युद्धस्तर पर निर्माण हो रहा है। प्रदेश में अन्य क्षेत्रों में भी एयर कनेक्टिविटी बेहतर हो रही है। वाराणसी-हल्दिया के बीच वाटरवेज शुरू हो चुका है। इससे देश के पूर्वी बंदरगाह की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। अटल औद्योगिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन व पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान से औद्योगिक और इन्फ्रास्ट्रक्चर निवेश का नया ईको सिस्टम तैयार हुआ है। सुरक्षा का वातावरण देने के साथ ईज आफ डूईंग में रैंकिंग अच्छी हुई है। सिंगल विंडो व्यवस्था हर निवेशक को उपलब्ध कराई है। निवेश मित्र देश का सबसे बड़ा पोर्टल है। निवेशकों के लिए आनलाइन इंसेंटिव पोर्टल शुरू किया है ताकि इंसेंटिव के लिए उन्हें भटकना न पड़े। 25 सेक्टर पालिसी बनाकर लागू की गई हैं।